आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 11.10.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में किसानों की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया–कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए 42 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने झुंझुनूं ज़िले में जल संचय–जन भागीदारी–जन आंदोलन अभियान का शुभारंभ किया।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यालय स्तर से ही अंगदान के लिए जागरुकता विकसित करने का आह्वान किया।
- देश में तीन नई आपराधिक संहिताओं के क्रियान्वयन के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में जयपुर में प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए 42 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया। नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में हुए एक विशेष कृषि कार्यक्रम में श्री मोदी ने 24 हज़ार करोड़ रुपये की लागत से पीएम धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया। इस योजना में चयनित सौ जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाया जाएगा। साथ ही, 11 हज़ार 440 करोड़ रुपये की लागत के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन देश के लाखों किसानों का भविष्य बदल देंगी। श्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास के लिए देश की कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक थे और ये सुधार 2014 में ही शुरू हो गए थे।

...................

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में कृषि बजट में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में किसानों की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगले जीएसटी सुधारों में, कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों को कम कर किसानों को राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धन–धान्य कृषि योजना, दलहन मिशन और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ कर देश की कृषि व्यवस्था में एक नए युग की शुरूआत की है। ये योजनाएं उत्पादन बढ़ाने के साथ ही खेती को अधिक आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाने का काम करेंगी। प्रदेश के कई अन्य जिले भी प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने आज झुंझुनूं के मंड्रेला में जल संचय–जन भागीदारी–जन आंदोलन अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पाटिल ने कहा कि पूरे देश में भामाशाह और समाजसेवियों की मदद से वर्षा जल संरक्षण के लिए स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। इस मौके पर श्री पाटिल के आह्वान पर झुंझुनूं जिले के प्रवासियों ने भी जिले में आने वाले समय में 10 हजार नए स्ट्रक्चर बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 40 हजार गांवों में बारिश का पानी इकट्ठा करने के लिए स्ट्रक्चर बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यमुना के पानी को लाने के लिए डीपीआर बनाने का काम पूरा हो गया है। इसी साल दिसंबर तक काम शुरू करवाने की कोशिश की जा रही है।

शेखावाटी में यमुना का पानी आएगा तो निसंदेह शेखावाटी में पानी की कमी दूर होगीं वहीं फसले भी साल में तीन बार हो सकेगीं कार्यक्रम में पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि सीकर और झुंझुनूं जिले के हर घर में दो सालों के भीतर कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना के तहत पीने का पानी पहुंचाया जाएगां कार्यक्रम में राज्य सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहें

000

जयपुर में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का 19वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गयां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस मौके पर कहा कि कि देश के सभी एनआईटी में एमएनआईटी जयपुर का छात्र–छात्रा अनुपात सर्वाधिक है, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य के हथियार तलवार और ढाल नहीं, बल्कि सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और सृजनात्मक उद्यमिता होंगें उन्होंने राजस्थान सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि स्टार्टअप नीति ने युवाओं में नवाचार और उद्यमिता के अवसर बढ़ाए हैं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं अपने संदेश में उन्होंने स्नातक छात्रों की जिम्मेदारी पर बल देते हुए कहा की देश को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगीं समारोह में सत्र 2024–25 के छात्रों को बी.टेक., बी.आर्क., एम.टेक., एम.प्लान., एम.बी.ए., एम.एससी. और पी.एच.डी. की उपाधियाँ प्रदान की गईं

000

राज्य के 38 प्रगतिशील किसानों का दल इन दिनों डेनमार्क दौरे पर हैं डेनमार्क में यह दल वहां कृषि और पशुपालन की नई तकनीकों और नवाचारों के बारे में जानकारी हासिल कर रहा हैं भ्रमण के दौरान इस दल की डेनमार्क के विभिन्न संगठनों के साथ बैठकें हो रही हैं, जिसमें कृषि पशुपालन के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों द्वारा अपने अनुभवों और जानकारियों को साझा किया जा रहा हैं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, जवाहर सिंह बेढम और ओटाराम देवासी तथा अधिकारियों का दल भी किसानों के साथ गया हैं

000

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस हैं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने, उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्टूबर को ये दिन मनाया जाता हैं प्रदेश में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं पाली में राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम रखा गया, जहां नाटक के माध्यम से लोगों को बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरुक किया गयां जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भी विभिन्न आयोजनों के माध्यम से बालिका सशक्तिकरण का संदेश दिया गयां

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यालय स्तर से ही अंगदान के लिए जागरुकता विकसित करने का आह्वान किया हैं राज्यपाल आज भारतीय अंग प्रत्यारोपण सोसाइटी की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थें उन्होंने अंगदान को महादान बताते हुए अंगदान से आमजन को जोड़ने और इसे जनआंदोलन बनाने पर ज़ोर दियां उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालयों में अंगदान की शिक्षा सम्मिलित किए जाने का भी सुझाव दियां राज्यपाल ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही अंगदान की परम्परा रही हैं

000

सरहदी ज़िले बाड़मेर में इन दिनों ज़िला प्रशासन की ओर से 'सुगम्य बाड़मेर अभियान' चलाया जा रहा हैं ये अभियान दिव्यांगजन के लिए वरदान साबित हो रहा हैं इसी कड़ी में इस महीने की 29 से 31 तारीख़ तक बाड़मेर में आदर्श स्टेडियम में दिव्यांगजन के लिए पैरा स्पोर्ट्स फेस्टिवल आयोजित किया जाएगां हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलेभर में दिव्यांगजन शिविर भी लगाये जा रहे हैं

..............

000

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव लाने वाली तीन नई आपराधिक संहिताओं के क्रियान्वयन के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में जयपुर में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगां

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह का 13 अक्टूबर को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करने का कार्यक्रम हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगें प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन और सभी हितधारकों को इन नए कानूनों—भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के महत्व और उपयोगिता से अवगत कराना हैं प्रदर्शनी के शुभारंभ से पहले आज पुलिस मुख्यालय में कर्टेन रेजर कार्यक्रम आयोजित किया गयां

000

प्रदेशभर में इन दिनों सहकार सदस्यता अभियान का आयोजन किया जा रहा हैं सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि अभियान के तहत लगाये जा रहे शिविरों के माध्यम से महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जा रही हैं इसके साथ ही नए सदस्य बनाने के अलावा अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं

...............

000

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर में संरक्षित सदियों पुराने सवा लाख से अधिक प्राचीन ग्रंथ, पांडुलिपियां और शास्त्र अब डिजिटल स्वरूप में आ जाएंगें इनका डिजिटाइजेशन कार्य अंतिम चरण में हैं जयपुर, अलवर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर और भरतपुर में भी प्रतिष्ठान कार्यालय इस काम में जुटे हैं ब्यौरा हमारे संवाददाता से —

................

000